मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-06
02/01/2020

वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व सांसद डी0पी0 त्रिपाठी के निधन पर मुख्यमंत्री ने गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 02 जनवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने वरिष्ठ समाजवादी नेता एवं पूर्व सांसद डी0पी0 त्रिपाठी के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त करते हुये उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।

अपने शोक–संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व0 डी0पी0 त्रिपाठी ने समाजवाद एवं राजनीति के विभिन्न आयामों को मजबूत आधार प्रदान किया था। उनका समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अहम योगदान है, जिसे भूलाया नहीं जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि स्व0 डी0पी0 त्रिपाठी के निधन के समाचार से उन्हें गहरा दुख हुआ है। उनसे मेरा आत्मीय संबंध था। उनके निधन से समाजवाद एवं राजनीति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुयी है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******